दिनांक : 01.06.2024 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- **लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान शुरू, 57 लोकसभा सीटों पर डाले जा रहे हैं वोट ।**
- **अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- लोकमाता देवी अहिल्या बाई का व्यक्तित्व, जीवन और चरित्र हम सबके लिये आदर्श है।**
- **भोपाल विलीनीकरण दिवस आज,झंडा वंदन सहित होंगे कई कार्यक्रम**
- **भीषण गर्मी से राहत नहीं, अगले दो दिन तक ऐसा ही बना रह सकता है मौसम का मिजाज ।**

**मतदान सातवां चरण**

**लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान शुरू हो गया है । सुचारू और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यापक प्रबंध किये हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। आखिरी चरण का यह चुनाव सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के लिए खास महत्व रखता है। इस चरण में प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी, अनुराग ठाकुर, रविशंकर प्रसाद, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी, विक्रमादित्य सिंह, राजद नेता मीसा भारती और तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी सहित कई प्रमुख नेता मैदान में हैं। इन सभी सात चरणों के लिए 4 जून को एक साथ वोटों की गिनती होगी ।**

**अहिल्या बाई त्रिशताब्दी समारोह**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई का व्यक्तित्व, जीवन और चरित्र हम सबके लिये आदर्श है। वह एक तपोनिष्ठ, धर्मनिष्ठ तथा कर्मनिष्ठ शासक, प्रशासक रही है। उनसे हम सबको प्रेरणा लेना चाहिये। डॉ. यादव ने कहा कि धर्म के भाव के साथ शासन व्यवस्था चलाने का उन्होंने बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। वर्ष भर चलने वाले त्रिशताब्दी समारोह के दौरान पूरे देश में जगह-जगह माता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। शुभारंभ कार्यक्रम में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महामंडलेश्वर किरणदास बापू महाराज, महामंडलेश्वर कृष्णवंदन महाराज भी मौजूद थे।

## भारतीय रिजर्व बैंक-सोना

भारतीय रिज़र्व बैंक ब्रिटेन से अपना सौ टन सोना वापस भारत लाएगा। यह केन्द्रीय बैंक की आर्थिक नीति में एक बड़ा बदलाव है। इससे भारत की आर्थिक संप्रभुता और वैश्विक बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। अधिकांश देश अपना सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड या ऐसे किसी अन्य देशों के स्वर्ण भण्डार में रखते हैं और इसके लिए शुल्क का भुगतान करते हैं। इस वर्ष 31 मार्च तक, रिज़र्व बैंक के पास कुल 822 मीट्रिक टन से अधिक सोना था।

## जल शक्ति-जन संचार इंटर्नशिप

जल शक्ति मंत्रालय ने जनसंचार, पत्रकारिता या संबंधित क्षेत्रों में स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। चयनित उम्मीदवारों को मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में काम करने का अवसर मिलेगा। किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या विश्वविद्यालय से जन संचार और पत्रकारिता में स्नातकोत्तर या डिप्लोमा कर रहे छात्र इस इंटर्नशिप के लिए पात्र होंगे। इंटर्नशिप की अवधि छह से नौ महीने होगी। उम्मीदवारों को 15,000 रुपये प्रति माह का मानदेय और इंटर्नशिप पूरा होने पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। आवेदन करने की आखिरी तारीख 29 जून है। इंटर्नशिप

के लिए आवेदन करने के इच्छुक छात्र जल शक्ति मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

खगोल घटना

एक दुर्लभ और अद्भुत खगोलीय घटना में 3 जून को आसमान में 6 ग्रहों को एक सीध में देखा जा सकेगा। खगोल शास्त्र में इसे परेड ऑफ द प्लैनेट्स या ग्रहों की परेड के नाम से भी जाना जाता हैं। खगोल अध्येताओं के मुताबिक

यह ऐसा समय होगा जब हम बृहस्पति, बुध, मंगल, शनि, यूरेनस और नेपच्यून को एक सीध में गतिमान होते देख सकते हैं। सबसे पहले यह घटना न्यूयॉर्क शहर और उसके आसपास के इलाकों में देखी जा सकती हैं।

विलीनीकरण दिवस

आज भोपाल विलीनीकरण दिवस है। गौरतलब है कि देश 15 अगस्त 1947 को आजद हुआ था लेकिन भोपाल को यह आजादी 1जून 1949 को मिल पाई थी। इस दिन को गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। विलीनीकरण दिवस की पूर्व संध्या पर हर साल की भांति इस साल भी भोपाल में उत्सव मनाया गया। लोगों ने भोपाल गेट पहुँचकर इस उपलब्धि को धूम-धाम से मनाया।

इस दौरान आतिशबाजी और रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुए। आज भी शहर में झण्डा वंदन सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

प्रदेश मतगणना

प्रदेश में लोकसभा की सभी २९ सीटों पर एक साथ ४ जून को मतगणना होगी। इसके लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

पन्ना में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की मतगणना की निगरानी के लिए मतगणना प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

खंडवा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के बीच की जाएगी।

कटनी में मतगणना कार्य की व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

डिंडोरी में मतगणना हेतु 24 काउंटिग टेबल बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रॉग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं तथा मतगणना के दिन स्ट्रॉग रूम प्रेक्षक उपस्थिति में खोले जायेंगे।

निवाड़ी में मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे कैमरा, मोबाइल, ब्लूटूथ इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं है। यहाँ डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से मतगणना की राउन्डवार जानकारी दी जायेगी।

सतना में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि स्ट्रांग रुम की सुरक्षा सीपीएफ, गणना कक्षों में सशस्त्र पुलिस बल और बाहरी घेरे में प्रवेश द्वार एवं मतगणना स्थल पर जिला पुलिस बल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाई जायेगी।

खरगौन में गर्मी को देखते हुए सभी मतगणना कक्षों में गर्मी को देखते हुए कुलर की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

रायसेन में मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतगणना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगणों की उपस्थिति में होगी।

मुरैना में गणना सेन्टर पर लू से उपचार की किटें रखवाई गई है. यहाँ अस्थायी अस्पताल के अलावा चिकित्सक, और एम्बूलेंस आदि मौजूद रहेंगे।

राजगढ़ जिले के सभी 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना के लिये तैनात किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को कल जिला पंचायत सभागार में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

मौसम

राजस्थान और गुजरात की तरफ से लगातार आ रही गर्म हवाओं के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी एवं पूर्वी क्षेत्र के शहरों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। नौतपा के सातवें दिन भी कल गर्मी के तेवर तीखे रहे। इस दौरान प्रदेश में सबसे अधिक तापमान छतरपुर के बिजावर में 47 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में 42 दशमलव 4 डिग्री, इंदौर में 40 दशमलव 6 डिग्री, जबलपुर में 43 दशमलव 7 डिग्री और उज्जैन में तापमान 40 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में गर्मी के तीखे तेवरों से कुछ राहत मिली है।

**मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रह सकता है। नौतपा की समाप्ति के साथ ही प्रदेश में मानसून पूर्व की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। इस दौरान धूल भरी आंधी चलने और गरज-चमक की स्थिति बनेगी, जिससे लू से राहत मिलेगी।**

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- **छिंदवाड़ा लोकसभा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना के लिए तीन केंद्रीय प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। डीपी चौहान, दुशमंता कुमार बेहरा और मुनीर उल इस्लाम को केंद्रीय प्रेक्षक बनाया गया है।**

- **राज्य शासन ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आरएपीटीसी इंदौर वरुण कपूर को स्पेशल डीजी के पद पर पदोन्नत किया है। कपूर की पदस्थापना इंदौर में पुराने पदस्थापना स्थल पर ही रखी गई है।**

- **रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के मुरैना के पास दुर्घटना के मामले में रेलवे ने, रेल पथ निरीक्षक सहित चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। रेल कर्मियों की लापरवाही से यह ट्रेन पटरी पर रखी वेल्डिंग मशीन  से टकरा गयी थी।**

- **अशोकनगर में एक युवती के साथ दुष्कर्म और फिर उसे घर से जबरन ले जाने के मामले में जिला प्रशासन ने आरोपी का घर बुलडोजर से ढहा दिया । वहीं, अशोकनगर के पुलिस अधीक्षक को छुट्टी पर भेज दिया गया  है और थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है।**

- **धार जिले में ग्राम पंचायत फरसपुरा के ग्राम सिमराली के करोली बईडिया में बने पुराने तालाब का गहरीकरण कार्य ग्रामवासियों द्वारा अपने स्तर पर किया जा रहा हैं ।**

.......................................